सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 88 | इंदौर, बुधवार 04 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम कल करेंगे देश के सबसे हाईटेक अन्नक्षेत्र का लोकार्पण

**उज्जैन**। देशभर में उज्जैन का महाकाल लोक चर्चित हो गया है, जिसके चलते लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आने लगे हैं। बाबा महाकाल के दर्शन के भी तमाम रिकॉर्ड टूट रहे हैं। वहीं अब श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। कल 5 अक्टूबर को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान महाकाल लोक के दूसरे चरण का लोकार्पण करेंगे, जिसमें विशाल पार्किंग, यूनिटी मॉल और भक्त निवास के भूमिपूजन के साथ-साथ देश के सबसे हाईटेक तैयार अन्न क्षेत्र का लोकार्पण भी करेंगे। 25 करोड़ की लागत से महाकाल लोक परिसर के पास निर्मित इस अन्नक्षेत्र में एक दिन में एक लाख श्रद्धालुओं को भोजन करवाने की क्षमता है।

देश के बड़े गुरुद्वारों से लेकर तिरुपति बालाजी, शिर्डी व अन्य धार्मिक स्थलों पर अन्न क्षेत्र चल रहे हैं। उनकी जानकारी लेकर उज्जैन में सबसे बड़ा और अत्याधुनिक अन्नक्षेत्र त्रिवेणी संग्रहालय के सामने मौजूद वाहन पार्किंग के पास तैयार किया गया है। उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और महाकाल मंदिर प्रशासक तथा उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 अक्टूबर से ही इस अन्न क्षेत्र की शुरुआत हो रही है। इंदौर के अग्रवाल परिवार ने बड़ी दान राशि इस अन्न क्षेत्र के लिए दी है। वहीं एक अन्य दानदाता, जिन्होंने अपना नाम गुप्त ही रखा। उन्होंने लगभग 7 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के हाईटेक किचन एक्यूपमेंट दिए हैं।

**यह है हाईटेक किचन की खूबियां-** सोनी के मुताबिक इस हाईटेक किचन के कारण एक वक्त में दो हजार से अधिक लोग भोजन प्रसादी प्राप्त कर पाएंगे और अगर एक दिन की क्षमता की बात करें तो हम एक लाख श्रद्धालुओं को भी भोजन प्रसादी उपलब्ध करवा सकते हैं। उसके मुताबिक किचन से लेकर सभी सुविधाएं जुटाई गई हैं। 25 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बने इस अन्न क्षेत्र में विशाल डाइनिंग रूम, वॉश एरिया, किचन, टॉयलेट्स, वेटिंग के साथ-साथ अति विशिष्ट लोगों यानी वीआईपी के लिए भी एक डाइनिंग हॉल बनाया गया है। फायर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे के साथ ही तीन लिफ्ट लगाई गई है, जिनमें एक विशाल लिफ्ट किचन सामग्री लाने-ले जाने के लिए तैयार की गई है। यहां पर जो मशीनें हैं वह सब्जी काटने, आटा गूंथने, छानने से लेकर दाल-चावल, सब्जी पकाने का काम ऑटोमैटिक तरीके से करती है, वहीं रोटी मेकर की भी विशाल मशीनें लगाई है, जो एक घंटे में दो हजार से अधिक रोटी बना देती है। सब्जी और अन्य सामग्री धुलकर कोल्ड स्टोरेज में रखने की भी सुविधा है। वहीं भोजन परोसने के लिए स्टील की विशाल ट्रालियां भी बुलवाई गई हैं और ऑटोमैटिक डिश वॉटर प्लांट भी लगाया गया है। विदेश से यह मशीन बुलवाई है, जो कि अपने आप बर्तन साफ कर सुखाकर बाहर निकाल देगी। 40 हजार स्क्वेयर फीट से अधिक में यह अन्नक्षेत्र बनाया गया है और इसके किचन की क्षमता एक दिन में एक लाख श्रद्धालुओं के भोजन प्रसादी तैयार करने की है। पीने के पानी के लिए भी आरओ वॉटर सिस्टम रहेगा। देश में कहीं पर भी इतना हाईटेक अन्नक्षेत्र फिलहाल नहीं है।

# चंबल के पानी में फिर दिखा लाल रंग का रसायन

## ◆ प्रदुषण विभाग की टीम ने दो सेम्पल लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा।** चंबल नदी के मेहतवास घाट पर सोमवार की सुबह अचानक लाल रंग का जहरीला रसायन दिखाई देने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। रहवासियों ने मामले से पार्षद को अवगत कराया, पार्षद ने कलेक्टर, एसडीएम से शिकायत की। शिकायत के बाद दोपहर में उज्जैन से प्रदुषण विभाग की टीम नागदा आई और सेम्पलिंग की कार्यवाही की। चंबल नदी का जलस्तर कम होने के बाद लाल रंग का रसायन निकलना सामान्य बात है, लेकिन चंबल नदी में लबालब जलस्तर होने के बाद एकाएक पानी लाल होने की घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। प्रतिदिन मंदिर में पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने मामले की शिकायत पार्षद गोलू यादव से की। पार्षद यादव ने कलेक्टर और एसडीएम को मामले से अवगत कराया। पार्षद यादव ने बताया कि चंबल नदी के पानी का उपयोग नगरपालिका नागदा, खाचरौद एवं रेलवे पेयजल के रुप में करती है ऐसे में यदि लगातार लाल रंग का रिसाव हो रहा है तो यह जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मप्र प्रदुषण विभाग उज्जैन की टीम दोपहर ढाई बजे मेहतवास घाट पर पहुंची, इस दौरान नायब तहसीलदार रामचंद्र वक्तारिया उन्हेल, सेम्पलर रामपुरिया शर्मा आदि मौजूद रहे। टीम शामिल सदस्यों ने दो सेम्पल लिए, जिसको जांच के  लिए भेजा जाएगा। पार्षद यादव ने कहा कि स्थानीय उद्योगों का कहा है कि जीरो डिस्चार्ज है इसके बाद लाल रसायन कहा से आ रहा है यदि कोई व्यक्ति चंबल नदी के पानी को दुषित करने का प्रयास कर रहे है तो स्थानीय प्रशासन को खिलाफ ठोस कार्यवाही करना चाहिए।



### क्या फिरंगियों के उद्योग से निकलता है रसायन ?

शहर में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी अर्थात विदेशी कंपनी का बडा उद्योग चलायमान है, सूत्र बताते हैं कि पूर्व भी इस बात की जानकारी लगी थी कि विदेशी कंपनी के प्रबंधक द्वारा एक अंदरूनी पाईप लाईन उद्योग परिसर से सीधे एक नाले तक बीछा रखी है, इसी से खतरनाक रसायनों को पहले नाले में बहाया जाता है, तथा बाद में यह नाले अथवा जमीन में रीसते हुए सीधे पेयजल के उपयोग में आने वाले चंबल नदी के जल में मिल जाता है। इतना नहीं सूत्र तो यह भी बताते है कि इसी विदेश कंपनी में से निकलने वाले एचसीएल जिसे उद्योग द्वारा कंपनी से उठाने के हजारों रुपए प्रति टन ट्रांसपोर्टरों एवं निपटान कंपनी को देना होते है, जिसका उत्पादन भी उद्योग में बहुत अधिक मात्रा में होता की राशि को बचाने के लिए हजारों टन एचसीएल चोरी-छिप्पे कंपनी द्वारा नाले में बहा दिया जाता है जो सीधे चंबल नदी में मिल जाता है। जिसकी जांच होना अत्यंत ही आवश्यक है तथा गुप्त पाईप लाईन को हटाया जाना भी जनहित में जरूरी है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि शहर के कई ट्रांसपोर्टर भी इसी एचसीएल को नदी-नालों में बहाकर आज करोडों में खेल रहे हैं।

# कांग्रेस का फोकस मालवा निमाड़ पर, राहुल के बाद प्रियंका की पहली सभा भी इसी क्षेत्र में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा पांच अक्टूबर को मोहनखेड़ा में आम सभा लेगी। उससे पहले उनके भाई राहुल गांधी कालीपिपल विधानसभा क्षेत्र में सभा ले चुके है। दोनो विधानसभा मालवा निमाड़ क्षेत्र में आती है। कांग्रेस को पिछले चुनाव में मालवा निमाड़ से ज्यादा सीटें मिली थीं और वह इसे अपना गढ़ मानकर चल रही है और जातिगत समीकरणों के आधार पर वोटरों को साधा जा रहा है। राहुल ने जिस क्षेत्र में सभा ली, वह खाती बाहुल्य



क्षेत्र में आता है और परिसीमन के बाद वर्ष 2008 में अस्तित्व में आई ।

शुजालपुर जिले की इस की इस सीट के 188 गांवों में से ज्यादातर खाती समाज के लोग रहते है। कुणाल चौधरी भी इस समाज से आते है और फिर उनका दावा इस सीट से टिकट के लिए मजबूत माना जा रहा है। भाजपा से जीतू जिराती इस सीट पर दावेदारी कर रहे है। राहुल गांधी ने यहां से सभा की शुरूआत कर खाती समाज के वोटबैंक को साधने की कोशिश की। प्रियंका गांधी की प्रदेश में पहली सभा सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र में आती है। धार जिले में पिछले विधानसभा चुनाव में छह सीटें कांग्रेस के पास थी और एक भाजपा के कब्जे में आई थी। राजवर्धन सिंह के भाजपा में जाने के बाद हुए उपचुनाव में बदनावर सीट भी भाजपा के हिस्से में आ गई।

इस जिले की चार सीटों पर आदिवासी वोटबैंक निर्णायक भूमिका में रहते है और प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी पहली सभा के माध्यम से आदिवासी वोटबैंक को साधने में कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। प्रियंका की मध्य प्रदेश में 30 से ज्यादा चुनावी सभाएं होगी।

# दिव्य शक्तिपीठ पर मां की आराधना के लिए व्यापक तैयारियां

◆ अर्जी वाले हनुमान एवं गौवंश की साक्षी में होंगे गरबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एम.आर. 10 स्थित नवनिर्मित आराधना स्थल दिव्य शक्ति पीठ पर माता की आराधना के लिए नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन तीन चरणों में गरबों के आयोजन होंगे। सबसे पहले छोटी बालिकाओं, फिर युवतियों और बाद में महिलाओं के लिए प्रतिदिन सायं 7 से 10.30 बजे तक का समय गरबों के लिए निर्धारित किया गया है। शक्तिपीठ से जुड़ी सभी श्रद्धालु बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं को परिचय पत्र भी जारी किए जा रहे हैं।**

शक्तिपीठ की प्रमुख डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि इस बार भी शक्तिपीठ पर बड़ी संख्या में बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं द्वारा गरबा खेला जाएगा। इसके लिए शक्तिपीठ परिसर में मां की साक्षी में गरबों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। शक्तिपीठ परिसर में अर्जी वाले जागृत हनुमाजी भी विराजित हैं और एक सुंदर सी गौशाला भी है अतः शक्तिपीठ पर श्रद्धा और शुचिता का पूरा ध्यान रखते हुए मां की आराधना की तैयारियां की जा रही हैं। शक्तिपीठ परिवार के सुनील गुप्ता, दिनेश मित्तल, किशनलाल ऐरन, राजेश कुंजीलाल गोयल, जय ककवानी ने पालकों से आग्रह किया है कि वे अपनी बालिकाओं को निर्धारित समय पर शक्तिपीठ तक छोड़ें और समापन पर वापस भी ले जाएं। यद्यपि शक्तिपीठ पर बालिकाओं के लिए समुचित सुरक्षा प्रबंध भी किए गए हैं, लेकिन पालकों को चाहिए कि वे स्वयं इस मामले में सजगता और तत्परता रखें।

## विष्णु लांबा व सुश्री उमा व्यास आज प्रेस क्लब में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ट्री मेन के नाम से ख्यात पर्यावरणविद श्री विष्णु लांबा एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा जयपुर थाना प्रभारी सुश्री उमा व्यास 4 अक्टूबर 2023, बुधवार को दोपहर 1.00 बजे इंदौर प्रेस क्लब के वीआईपी लाउंज में ह्वाचाय पर चर्चाह्व कार्यक्रम में मीडिया के साथियों से चर्चा करेंगे। ट्री मेन श्री लांबा बिना सरकारी अनुदान लिए 30 वर्षों में 1 करोड़ से ज्यादा प्लांटेशन कर चुके हैं। श्री लांबा और सुश्री व्यास से चर्चा करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया के साथी सादर आमंत्रित हैं।

पश्चिमी क्षेत्र को मिलेगी बड़ी सुविधा

# बिकने जा रहे 1200 सीटों के ऑडिटोरियम को आईडीए ने दिया आधुनिक स्वरूप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्राधिकरण ने कुछ वर्ष पूर्व शहर के पश्चिमी क्षेत्र राजेन्द्र नगर में ऑडिटोरियम का निर्माण शुरू किया और फिर इसे अधूरा छोड़ दिया। साथ ही संस्कृति विभाग को भी 10 साल पहले सौंपा। मगर विभाग भी इसे चला नहीं पाया। तत्पश्चात प्राधिकरण ने इस अधूरे ऑडोटोरियम को बेचने का ही निर्णय ले लिया था। मगर शहर के कला-संगीत प्रेमियों के सुझाव पर इसे बिकने से रोका और प्राधिकरण ने अधूरे काम, इंटीरियर सहित अन्य पूरे करवाए और अब यह आधुनिक ऑडिटोरियम लोकार्पण के लिए तैयार हो गया है।**

लता जी को यह ऑडिटोरियम समर्पित किया गया है। प्राधिकरण ने अपनी योजना 97 भाग-4 में राजेन्द्र नगर के पीछे नर्मदा चौराहा के पास ये ऑडिटोरियम बनाया, जिसे अब लता मंगेश्कर ऑडिटोरियम नाम दिया गया है। अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने बताया कि आचार संहिता से पहले इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। कल उन्होंने अधिकारियों के साथ ऑडिटोरियम का निरीक्षण भी किया और लोकार्पण से पूर्व बचे अंतिम चरण के कामों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। प्राधिकरण सीईओ आरपी अहिरवार सहित अन्य अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। श्री चावड़ा के मुताबिक 1200 सीटों की क्षमता वाला यह ऑडिटोरियम इंदौर का सबसे बड़ा और आधुनिक तो है ही, वहीं शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम भी देगा, जिसमें दुपहिया-चार पहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग सुविधा के अलावा सुंदर परिसर, उच्च क्वालिटी का साउंड सिस्टम, स्टेज सुविधा उपलब्ध कराई गई है और चूंकि इस ऑडिटोरियम को लता जी को समर्पित किया गया है। लिहाजा उनके जीवन से संबंधित विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करते हुए एक खूबसूरत फोटो गैलरी का भी निर्माण किया गया है। पूरा हॉल वातानुकूलित रहेगा, जिसमें सुविधायुक्त बैठक व्यवस्था, ग्रीन रूम और महत्वपूर्ण व्यक्तियों के लिए पृथक से कमरों की भी व्यवस्था की गई है।

## आप ने घोषित की 29 सीटों की सूची

कैलाश विजयवर्गीय के सामने अनुराग यादव को उतारा मैदान में, इंदौर 4 से पीयूष जोशी उम्मीदवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने सोमवार देर रात 29 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में इंदौर-1 सीट से अनुराग यादव, इंदौर-4 सीट से पीयूष जोशी और महू से सुनील चौधरी समेत 29 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। बता दें कि इंदौर-1 सीट से भाजपा की ओर से कैलाश विजयवर्गीय को उम्मीदवार बनाया गया है। आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में जुटी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिनों पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए घोषणा पत्र भी जारी किया था।

## तिलक नगर से रिंग रोड़ को जोड़ने वाली सड़क का शुरू होगा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तिलक नगर को रिंगरोड़ से जोड़ने वाली बहुप्रतिक्षित सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम 5 अक्टूबर को सड़क के काम का भूमिपूजन करेगा। उम्मीद जताई जा रही है कि चार माह में काम पूरा कर लिया जाएगा। इस सड़क के बनने के बाद कनाडिया सड़क पर यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

तिलक नगर से रिंग रोड़ तक बनने वाली यह सड़क मास्टर प्लान का हिस्सा है। इसके निर्माण में कई बाधाएं भी थीं जिसकी वजह से इसका काम अटक रहा था। हाल ही में सड़क की जद में आ रहे निर्माण हटाने को लेकर सहमति बनने के बाद काम शुरू होने का रास्ता साफ हो गया।

तिलक नगर से रिंग रोड़ आने के लिए फिलहाल महावीर नगर से कनाडिया रोड़ और बंगाली चौराहा होकर आना पड़ता है। कई बार जाम की वजह से परेशानी होती है। तिलक नगर से रिंग रोड़ तक की नई सड़क के निर्माण के बाद यातायात जाम से निजात मिलेगी। तिलक नगर से बायपास और पीपल्याहाना की ओर आवागमन के लिए भी नई लिंक रोड़ उपलब्ध हो सकेगी। गीता भवन से बड़ी ग्वालटोली होकर आने वाले और पलासिया से रिंग रोड़ की तरफ जाने वालों को भी इस सड़क से राहत मिलेगी।




## संभाग में 8.31 फीसदी ज्यादा बिजली वितरण

◆ मालवा निमाड़: वित्तीय वर्ष में अब तक 1330 करोड़ यूनिट की आपूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सितंबर में 203 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति की है, यह गत वर्ष के सितंबर माह की तुलना में 18 करोड़ यूनिट ज्यादा है। माह के दौरान इंदौर संभाग में जहां 8.31 प्रतिशत ज्यादा बिजली आपूर्ति हुई, वहीं उज्जैन संभाग में 11.62 फीसदी ज्यादा बिजली वितरित हुई।**

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि सभी 15 जिलों में कृषि क्षेत्र के लिए दैनिक दस घंटे एवं अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे आपूर्ति की व्यवस्था है। श्री तोमर ने बताया कि सितंबर माह में इंदौर शहर एवं इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन कुल 60 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई है। सितंबर में खरगोन में 19 करोड़ यूनिट, उज्जैन में 20 करोड़ यूनिट, रतलाम में 11.33 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण हुआ है। धार जिले में भी पीथमपुर को मिलाकर 30 करोड़ से ज्यादा यूनिट बिजली आपूर्ति की गई है। प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि जारी वित्तीय वर्ष में 1 अप्रैल से लेकर अब तक 1330 करोड़ यूनिट बिजली वितरण हुआ है, यह गत वर्ष समान अवधि से 70 करोड़ यूनिट अधिक है। श्री तोमर ने बताया कि आपूर्ति के संबंध में प्रतिदिन 500 से ज्यादा उपभोक्ताओं से फीडबैक भी लिया जा रहा है, इसमें संतुष्टि का स्तर 99 फीसदी से ज्यादा है।

## भील समाज पर टिप्पणी, टंट्या मामा चौराहे पर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भील समाज को गालियां देने का मामला भंवरकुआं थाने पहुंचा है। समाजजन ने टंट्या मामा चौराहे (भंवरकुआं चौराहा) पर विरोध प्रदर्शन कर शिकायत दर्ज करवाई है। आवेदन में कालूसिंह ठाकुर पर धार्मिक भावनाएं आहत करने, धमकाने और आइटी एक्ट में केस दर्ज करने की मांग की है। ठाकुर का आडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

रिटायर एडीजी लूना भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष (भील समाज) सीताराम मुकाती, पंडू कटारे, सुभाष मोहरे सहित कई पदाधिकारी थाने पहुंचे और कहा कि ठाकुर ने भील समाज को गालियां दी है। बाबा जागीरदार (भोलेनाथ भगवान) और मां नर्मदा के संबंध में भी आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। इससे भील समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। समाज इसके कारण दो भागों में बंट रहा है। घटना से नाराज समाजजनों ने सुंद्रेल मंडला, कांकड़दा, मांडव, नालछा, बदनावर, मानपुर सहित अन्य क्षेत्रों में भी प्रदर्शन किया है।

# 'मैं लोगों को लखपति-करोड़पति बनाने आया हूं', रण में उतरे कैलाश विजयवर्गीय बोले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने तेज रफ्तार विकास के वादे के साथ अपने लिए वोट मांगने उतरे हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों को लखपति और करोड़पति बनाने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। विजयवर्गीय 10 साल के लंबे अंतराल के बाद विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बीजेपी ने उन्हें कांग्रेस के कब्जे वाली इंदौर-1 सीट से उम्मीदवार बनाया है।**



विजयवर्गीय ने बीजेपी कार्यकर्ताओं की एक बैठक में कहा कि उनके चुनाव जीतने पर इस क्षेत्र का इतना विकास होगा कि पांच साल बाद लोगों के मकान की कीमत तीन गुना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको लखपति और करोड़पति बनाने आया हूं। उन्होंने कहा कि वह इंदौर-2 विधानसभा क्षेत्र के नंदा नगर के जिस घर में रहते हैं, उसकी कीमत कभी 10 लाख रुपए थी, जो आज बढ़कर डेढ़ करोड़ रुपए हो गई है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सत्तारूढ़ दल की तरफ से सुदृढ़ बुनियादी सुविधाएं प्रदान किए जाने के बाद इस इलाके का काफी विकास हुआ है। विजयवर्गीय ने इंदौर-1 के मौजूदा कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला पर निशाना साधा है। उन्होंने पिछले पांच बरसों में कई धार्मिक कार्यक्रमों, भंडारों के आयोजन और महिलाओं को कथित रूप से साड़ियां बांटने पर निशाना साधा। उन्होंने बैठक में मौजूद बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके मोहल्ले में जो लोग अब तक कांग्रेस को वोट देते आए हैं, आप उन्हें समझाइए कि वे भले ही (कांग्रेस विधायक के आयोजित कार्यक्रमों में) भोजन करें, धार्मिक कथा सुनें और साड़ी भी रख लें, पर (आगामी विधानसभा चुनावों में) वोट बीजेपी को ही दें। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं तो अब चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता था, लेकिन मुझे भाजपा ने कांग्रेस विधायक को उनके घर पहुंचाने के लिए भेज दिया है। पार्टी वालों को भगवान ने बुद्धि इसलिए दी क्योंकि इंदौर-1 क्षेत्र में बहुत पाप हो रहे हैं। बीजेपी महासचिव अपने चुनाव प्रचार के दौरान इंदौर-1 के मतदाताओं से लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के विस्तार, क्षेत्र में पेयजल की समस्या दूर कराने, यातायात जाम से मुक्ति दिलाने और नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार खत्म कराने के वादे भी कर रहे हैं।

## तीसरा टीकाकरण अभियान 9 अक्टूबर से

**इंदौर।** इंदौर में मीजल्स और रूबेला सहित कई गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए जन्म से लेकर 5 साल तक के बच्चों के लिए टीकाकरण का तीसरा अभियान 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। बच्चों के अलावा गर्भवती महिलाओं को भी टीके लगाए जाएंगे। टीके लगाने के साथ बच्चों के डेटा यानि नाम-पते सहित टीकों की जानकारी एप के माध्यम से कम्प्यूटर एपलीकेशन में एंट्री की जाएगी, जिसे अपने मोबाइल में देखा जा सकेगा। इस ऐप पर साइट खोलते ही बच्चों का सारा रिकार्ड ऑनलाइन देखा जा सकेगा। बच्चे को अभी तक कितने टीके लग चुके हैं और कितने लगना बाकी है। टीके लगाने के साथ बच्चों के डिजिटल सर्टिफिकेट भी बनाए जा रहे हैं। इससे बच्चों का परिवार देश के किसी भी कोने में टीके लगवा सकता है। जिन बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को किसी न किसी वजह से टीके नहीं लग पाए हैं। स्वास्थ्य विभाग ऐसे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ढूंढकर टीके लगाने के लिए इस साल टीकाकरण अभियान चला रहा है।

# सांची ने घटाए दूध खरीदी के दाम, लेकिन उपभोक्ताओं को लाभ नहीं

### इंदौर दुग्ध संघ ने किसानों से दूध के खरीदी भाव 30 पैसे प्रति फैट कम किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिला सहकारी दुग्ध संघ (सांची) पर दुग्ध उत्पादकों के विरोध की नीतियां बनाने का आरोप लग रहा है। प्रदेश सरकार को भी संयुक्त किसान मोर्चा ने कटघरे में खड़ा किया है। उसने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार लगातार किसान हितैषी होने का दावे करती है, लेकिन काम उसके विपरीत हो रहे हैं। इंदौर दुग्ध संघ ने किसानों से दूध के खरीदी भाव 30 पैसे प्रति फैट कम कर दिए हैं। इससे संघ को दूध आपूर्ति करने वाले पशुपालकों को दो रुपये प्रति लीटर दाम कम दिए जाएंगे, लेकिन उपभोक्ता के लिए दुग्ध संघ ने सांची दूध के भाव नहीं घटाए हैं। सहकारी संस्था महंगा दूध बेचकर मुनाफा बटोरने में जुटी है। संयुक्त किसान मोर्चा के रामस्वरूप मंत्री और बबलू जाधव ने बताया कि पशुपालकों के लिए लगने वाला कोई भी सामान सस्ता नहीं हुआ है। फिर दूध के भाव घटाए जाने का क्या औचित्य है। यह निश्चित रूप से किसान विरोधी काम है। आपने बताया कि पशुओं को खिलाने वाली सारी चीज महंगी है, वहीं फसलों के दाम भी नहीं मिल रहे हैं।

## कलेक्टर ने की रेडक्रॉस को पौने दो लाख रुपए से अधिक की मदद

**इंदौर।** ऐसे युवक जो पुलिस और सेना में भर्ती होने के इच्छुक हैं, परंतु उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर होने के कारण वे ट्रेनिंग सेंटर की फीस भरने में अक्षम हैं, ऐसे युवाओं को निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग मुहैया कराने के लिये कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा अनूठी और संवेदनशील पहल की गई है। इन युवाओं को फिजिकल ट्रेनिंग प्रदान करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस से पौने दो लाख रुपए से अधिक की मदद दी गई है। इस राशि से महाराजा शिवाजीराव चिमनबाग ग्राउण्ड में एथलेटिक ट्रेक, लांग जम्प ट्रेक, शॉर्टपुट ट्रेक आदि का निर्माण किया जायेगा, जिससे युवक निःशुल्क फिजिकल ट्रेनिंग ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी कोविड महामारी से अनाथ हुए बच्चों से संवाद कार्यक्रम के तहत कल आयोजित कार्यक्रम में गांधी हाल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने फिजिकल ट्रेनिंग करते हुए युवाओं को देखा था और उनकी समस्याओं को जाना था। उन्होंने फिजिकल ट्रेनिंग सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओ.पी. जायसवाल और फिजिकल ट्रेनिंग प्राप्त कर रहा है युवाओं से चर्चा कर आश्वस्त किया था कि फिजिकल ट्रेनिंग के लिए सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

## बहुप्रतीक्षित खोज एवं छात्रवृत्ति परीक्षा (एनसैट) का आयोजन इन्दौर में हुआ

**इंदौर.** इंदौर स्थित देश की अग्रणी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आईआईटी नीट एकेडमी, इंदौर द्वारा आयोजित की जाने वाली



बहुप्रतीक्षित खोज एवं छात्रवृत्ति परीक्षा (एनसैट) के 18वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन इंदौर केन्द्र द्वारा किया गया। इस सत्र में आयोजित होने वाली एनसैट परीक्षा का यह प्रथम चरण था, जिसमें 7वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आगामी 2 चरण 15 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे। इस परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 50 करोड़ से ज्यादा मूल्य की छात्रवृत्ति के साथ-साथ 1 करोड़ कैश प्राइज भी जीतने का मौका दिया जा रहा है। नारायणा इन्स्टीट्यूट एनटीएसई, ओलिंपियाड से केवीपीवाई, आईआईटी, नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करने वाले सैकड़ों विद्यार्थी वर्तमान समय में देश के सर्वोच्च संस्थानों और सरकारी मेकिडल कॉलेजों में अध्ययन कर रहे हैं। शैक्षणिक दृष्टि से उत्कर्ष परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा के माध्यम से उनकी प्रतिभा के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। नारायणा इन्स्टीट्यूट के ग्रुप डायरेक्टर जी. रवि तेजा, जोनल हेड निशांत मिश्रा, सेंटर हेड धीरज तिवारी, सीबीएच सत्री श्रीवास्तव, ब्रांच मैनेजर अशोक पांडेय ने बताया कि जो विद्यार्थी किसी कारण प्रथम चरण में आयोजित परीक्षा में भाग नहीं ले पाए हैं, वे छात्र-छात्राएं आगामी चरणों में भाग लेने के लिए हमारी नजदीकी केन्द्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं अथवा हमारी वेबसाइट पर घर बैठे ऑनलाइन आदेवन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क 100 रुपया है तथा उपरोक्त वेबसाइट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्नपत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल इंदौर, बल्कि भारत में अपने आपमें एक अनूठा पहल है।

## कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी दिव्यांगों के बीच पहुंचे और गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनकर किया निराकरण

### जिले के 70 दिव्यांगों को स्कूटी स्वीकृत की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी आज नीचे तल मंजिल पर बैठे दिव्यांगों के बीच पहुंचे। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनका हाथोंहाथ निराकरण किया। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और अन्य कार्यों में मदद के लिये 70 दिव्यांगों को रेट्रोफिटिंग स्कूटी स्वीकृत की। उन्होंने अनेक जरूरतमंदों को रेडक्रॉस के माध्यम से तत्कालिक आर्थिक सहायता भी मंजूर की। जनसुनवाई में कलेक्टर ने बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों विशेषकर दिव्यांगों की समस्याओं को सुना। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी से जनसुनवाई में स्नेहलतागंज में रहने वाले जयप्रकाश भरती ने बताया कि मैं दिव्यांग हूँ। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। मुझे अनेक बीमारियां हैं। मैंने पैर के कई बार ऑपरेशन कराये पर कोई फायदा नहीं हुआ। इलाज के लिये अभी सहायता की आवश्यकता है। कलेक्टर ने तुरंत ही रेडक्रॉस से दस हजार रूपये की मदद स्वीकृत की। इसी तरह विज्ञान नगर में रहने वाले राजकुमार बागवाले ने बताया कि मैं किराये के घर में रह रहा हूँ। पिछले छः माह से बैरोजगार हूँ। मैं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा हूँ। मुझे तात्कालिक सहायता की जरूरत है। कलेक्टर ने इन्हें भी दस हजार रूपये की मदद स्वीकृत की और निजी कंपनी में जॉब दिलाने की व्यवस्था करने के निर्देश संबंधी अधिकारियों को दिये। इसी प्रकार शारजहा कॉलोनी खजराना में रहने वाले दिव्यांग फिरोज खान को भी तात्कालिक जरूरत की पूर्ति के लिये पांच हजार रूपये की मदद स्वीकृत की। जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी तथा श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका यथासंभव निराकरण किया।



विधानसभा चुनाव 2023 के लिए ...

# कांग्रेस के 80 नाम तय

## इनमें 65 विधायक, 15 ऐसे सीनियर नेता जो पिछला चुनाव हारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों को उतारने के लिए कांग्रेस की पहली सूची के लिए 80 नाम तय हो गए हैं। इनमें से 65 मौजूदा विधायक हैं। वहीं, 15 नाम ऐसे हैं जो सीनियर हैं लेकिन पिछली बार चुनाव हार गए थे। ये नाम अब सीईसी में भेजे जाएंगे। सात और 8 अक्टूबर को सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (सीईसी) से इसे मंजूरी मिल जाएगी। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें एआईसीसी के ताजा सर्वे रिपोर्ट और एआईसीसी सचिवों के फीडबैक के आधार पर टिकट तय करने का फैसला हुआ है। अब तक जिलाध्यक्ष, प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्षों और प्रदेश चुनाव समिति के द्वारा दिए गए पैनल पर चर्चा हुई थी।



मीटिंग में कांग्रेस की ओर से प्रदेशभर में निकाली गई 7 जनआक्रोश यात्राओं में भागीदारी को टिकट का आधार बनाया गया है। इन यात्राओं की मॉनिटरिंग के लिए पार्टी के रणनीतिकार सुनील कानुगोलू की टीम ने सर्वे किया। साथ ही एआईसीसी के सचिव हर समय यात्राओं में रहे। इस दौरान सभी जगह देखा गया कि यात्रा में आम जनता को लाने में टिकट के पैनल में शामिल दावेदारों की कितनी सक्रियता रही।

लोगों से चर्चा के साथ दावेदारों की भी लोकप्रियता देखी गई। स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग में नेताओं द्वारा सुझाए गए नामों पर कह दिया गया है कि यहां सिस्टम से काम चलेगा। जीतने वाले उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ स्पष्ट कर चुके हैं कि मौजूदा विधायकों और सिंगल नाम वाली मिलाकर करीब सीटों दावेदारों को चुनाव की तैयारी करने के संकेत दिए जा चुके हैं। कांग्रेस के मप्र प्रभारी रणदीप सुरजेवाला 5 अक्टूबर के बाद सूची घोषित किए जाने की बात कह चुके हैं। इस तरह 130 सीटों के नाम ऐसे है जहां एआईसीसी के सर्वे और सचिवों की रिपोर्ट में नाम होना जरूरी होगा।

इससे पहले नारी सम्मान के आवेदन भरवाए जाने की संख्या को उम्मीदवारी में बारीकी से देखा गया था। भाजपा अब तक 79 सीटों पर नाम घोषित कर चुकी है, जिनमें 76 सीटें वे हैं जहां अभी कांग्रेस के विधायक हैं। भाजपा की दूसरी सूची में जिस तरह से बड़े नाम सामने आए हैं, उसे देखते हुए कांग्रेस की रणनीति है कि उन सीटों पर मजबूत चेहरे उतारे जाएं।

### 80 के करीब विधायकों को टिकट दे सकती है पार्टी

स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग में सिटिंग एमएलए को टिकट दिए जाने के मामले में कुछ ऐसे विधायकों के नाम भी शामिल कर लिए गए हैं जिनकी परफॉर्मेंस रिपोर्ट ठीक नहीं थी। पिछले सर्वे रिपोर्ट में 23 विधायकों की स्थिति ठीक नहीं बताई गई थी।

इस तरह सिर्फ 72-75 विधायकों को टिकट दिया जाना था, लेकिन अब यह संख्या 80 तक जा सकती है। स्क्रीनिंग कमेटी के द्वारा जिन विधायकों के नामों को हरी झंडी दे दी गई है, उसे सीईसी के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा जहां से अनुमोदित होने के बाद कांग्रेस सिटिंग एमएलए के नामों की पहली सूची जारी करेगी।

# ग्वालियर-सुमावली तक दौड़ी मेमू ट्रेन

◆ केन्द्रीय मंत्री तोमर ने किया सुमावली तक सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्वालियर-श्योपुर गेज परिवर्तन योजना में मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सुमावली के लिए रवाना किया। इसके सीधे प्रसारण के लिए स्टेशन पर बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। जैसे ही प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाई, वैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म क्रमांक चार से रवाना हो गई। इस ट्रेन को गुब्बारों और झालरों से सजाया गया था। इसके बाद इसे बिरला नगर स्टेशन पर रोक दिया गया। बिरला नगर स्टेशन से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा इस ट्रेन में सवार हुए और पायलट केबिन में पहुंचकर लोको पायलट से बातचीत की। इसके बाद वे ट्रेन से सुमावली के लिए रवाना हुए। यह ट्रेन नियमित रूप से ग्वालियर से सुमावली के तीन फेरे लगाएगी।

टाइम टेबल के अनुसार ट्रेन क्रमांक 01893 ग्वालियर-सुमावली मेमू स्पेशल सुबह सात बजे ग्वालियर स्टेशन से रवाना होगी। यह 7:09 बजे बिरला नगर स्टेशन पहुंचेगी। एक मिनट के हाल्ट के बाद यह ट्रेन 7:10 बजे रवाना होकर 7:20 बजे रायरू पहुंचेगी। यहां ट्रेन का दो मिनट का हाल्ट निर्धारित किया गया है। ट्रेन 7:32 बजे बानमोर गांव, 7:48 बजे अंबिकेश्वर और 8:10 बजे सुमावली पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन क्रमांक 01894 सुमावली-ग्वालियर मेमू स्पेशल 8:50 बजे रवाना होकर 10 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी। ग्वालियर से दूसरी मेमू ट्रेन क्रमांक 01895 सुबह 10:20 बजे रवाना होकर 11:30 बजे सुमावली पहुंचेगी। सुमावली से ये ट्रेन क्रमांक 01896 दोपहर 1:50 बजे रवाना होकर तीन बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी। वहीं तीसरी मेमू ट्रेन क्रमांक 01897 ग्वालियर स्टेशन से 3:20 बजे रवाना होगी और शाम साढ़े चार बजे सुमावली पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन क्रमांक 01898 शाम 4:50 बजे सुमावली से रवाना होकर छह बजे ग्वालियर स्टेशन पहुंचेगी।

# सभी दीदियों को लखपति बनाना मेरा संकल्प-शिवराज

◆ लाड़ली बहनों के खाते में अब 1250 रुपये डाल दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी के जंबूरी मैदान में मंगलवार को महिला स्व-सहायता समूहों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी मुख्य अतिथि के तौर पर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पर लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन।यहां पर सीएम शिवराज ने स्व-सहायता समूह की बहनों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को स्कूटी और ऋण का वितरण करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### सभी 53 लाख दीदियों को बनाएंगे लखपति

इस मौके पर सीएम शिवराज ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि मेरी बहनो, आज 1400 स्कूटी दे रहा हूं। इसके बाद यदि आजीविका मिशन की कोई बहन स्कूटी खरीदेगी, तो बैंक से मिलने वाले पैसे की भी गारंटी मैं लूंगा और ब्याज भी भरवाऊंगा। अभी 15 लाख लखपति दीदी हैं। मैं आज यह संकल्प ले रहा हूं कि सभी 53 लाख दीदियों को लखपति दीदी बनाना है।

### नारी अबला नहीं सबला है

सीएम शिवराज ने कहा कि नारी सशक्तीकरण, हमारा प्रण है। मेरी बहनो, नारी अबला नहीं, सबला है। मैंने मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। हमने तय किया कि अगर बेटी पैदा होगी, तो लखपति पैदा होगी। हमने स्थानीय चुनाव में यह तय किया कि आधी सीटों पर बहनें चुनाव लड़ेंगी। आज बहनें अलग-अलग पदों पर बैठकर सरकार चला रही हैं। बुधवार को बुरहानपुर से मैं लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपये डाल दूंगा। पूरी दुनिया यह सुन ले, ये भाई का संकल्प है। 3000 रुपये महीना देकर अपनी बहनों की तकलीफें खत्म करूंगा।

# डाउ केमिकल के प्रतिनिधि की पहली बार कोर्ट में हुई पेशी

## 25 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** गैस कांड की दोषी कंपनी डाउ केमिकल के प्रतिनिधि पहली बार कोर्ट में पेश हुए। उनको भेजा गया सातवां समन तामील हो गया था। इसके पहले कंपनी को 6 समन भेजे गए थे। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। यह पहला मौका रहा, जब इस कंपनी का कोई प्रतिनिधि कोर्ट में पेश हुआ।

गौरतलब है कि अमेरिका में डाउ केमिकल कंपनी के पास यूनियन कार्बाइड कंपनी का 100% हिस्सा है, इसे भारतीय अदालत ने 1992 में भगोड़ा घोषित किया है। इसके बावजूद कंपनी अदालत में पेश नहीं हो रही थी। भोपाल गैस कांड विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी मानी जाती है।

अमेरिकी संसद में उठी मांग

इस पूरे घटनाक्रम को अमेरिका की संसद में उठी मांग का असर माना जा रहा है। दरअसल, भोपाल गैस कांड की दोषी कंपनी दो केमिकल के खिलाफ कार्रवाई के लिए उसी के देश अमेरिका में सांसदों ने मांग उठाई है। सांसद रशीदा तलबी के नेतृत्व में वहां के 12 अन्य सांसदों ने यूएस न्याय विभाग को पत्र लिखकर कंपनी के खिलाफ अपराधिक समन जारी करने की मांग की है। इसका नतीजा यह है कि 36 साल में पहली बार इस विदेशी कंपनी का आरोपी गैस कांड के आपराधिक मामले का जवाब देने कोर्ट में पेश हुआ।

### क्या कहते हैं संगठन

भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी और भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशन भोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक हादसे के लिए 1987 में सीबीआई ने यूनियन कार्बाइड पर गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया। फरवरी 1992 में भोपाल जिला कोर्ट द्वारा यूनियन कार्बाइड को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया। 2001 में यूनियन कार्बाइड को अधिकृत कर डाउ केमिकल ने भारतीय दंड संहिता की धारा 212 के तहत 3 साल की जेल और जुर्माने का अपराध किया है।

भोपाल गैस त्रासदी मामले में आज पहली बार 36 साल बाद डाउ केमिकल की ओर से कोई प्रतिनिधि कोर्ट में पेश हुआ। इसके पहले कोर्ट की ओर से 6 बार कंपनी को समन जारी किया जा चुका था। लेकिन आज तक कोर्ट में कोई हाजिर नहीं हुआ था। बताया जा रहा है कि कंपनी की ओर से पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वकील रविंद्र श्रीवास्तव उपस्थित हुए थे। इस मामले में करीब 30 मिनट तक सुनवाई चली। इसमें डाउ केमिकल की ओर से वकील ने पार्शियल अपीयरेंस का हवाला दिया।

उन्होंने कोर्ट से समय मांगते हुए कहा कि वो इस बात की खोजबीन कर रहे हैं कि क्या भारत की अदालत के पास अमेरिकी कंपनी के मामले में सुनवाई करने का अधिकार है की नहीं। इस पर कोर्ट ने 2 दिन के लिए फैसला रिजर्व रखा है। इसके बाद 6 अक्टूबर को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। बताया जा रहा है कि मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

# ग्वालियर में महसूस हुए भूकंप के झटके, बाहर निकले लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** दिल्ली के साथ ही ग्वालियर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शहर में दोपहर दो बजकर 44 मिनट लोगों ने कंपन महसूस किया। इससे भयभीत होकर सिटी सेंटर के साथ अन्य जगह पर लोग बाहर आ गए।

**भूकंप के हल्के झटके-** ग्वालियर में मंगलवार दोपहर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जब लोगों को कंपन का अनुभव हुआ तब दो बजकर 44 मिनट का समय था।

ग्वालियर के सिटी सेंटर,लश्कर के कई इलाकों में लोग घरों और ऑफिस से तक बाहर आ गए। हल्के कंपन की खबर इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित होने लगी। लोग आपस में रिश्तेदारों मित्रों की कुशलक्षेम पूछने लगे और मैसेज करने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ घरों में कंपन से बर्तन कुछ सेकंड को हिले तो ऑफिसों में कांच पर कंपन महसूस किया गया उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दिल्ली एनसीआर के साथ उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में भी भूकंप के झटके महसूस होने की बात सामने आई है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 महसूस की गई।

## संपादकीय

### जाति आधारित जनगणना राजनीति का जरिया न बने

जाति के आधार पर जनगणना की मांग पुरानी है, मगर राष्ट्रीय स्तर पर इस मांग को लेकर अब तक कोई पहल नहीं हुई है। मगर बिहार में जनता दल (यू) और राष्ट्रीय जनता दल की मौजूदा सरकार ने इस काम को पूरा किया और सोमवार को इसके निष्कर्षों पर आधारित आंकड़े जारी कर दिए। इसके मुताबिक, बिहार में अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग की कुल आबादी तिरसठ फीसद है। अनुसूचित जातियों की संख्या 19.65 फीसद और अनुसूचित जनजाति की 1.68 फीसद है। सामान्य वर्ग में आने वाली जातियों के लोगों की तादाद 15.52 फीसद है। धार्मिक आधार पर देखें तो कुल हिंदू आबादी 81.9 फीसद और मुसलिम 17.7 फीसद हैं। यानी जाति आधारित जनगणना के बाद राज्य में अलग-अलग जातियों और धर्मों के लोगों की संख्या के बारे में अब तस्वीर साफ हो गई है। इसे लेकर राज्य सरकार की दलील है कि इसके जरिए सभी जातियों की आर्थिक स्थिति की भी जानकारी मिली है और इसी के आधार पर अब सभी सामाजिक वर्गों के विकास और उत्थान के लिए काम किया जाएगा। जाहिर है, सरकार के दावे के आलोक में देखें तो जाति आधारित जनगणना के आंकड़े आने के बाद सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में भागीदारी का सवाल हल करने और जरूरतमंद तबकों की स्थिति में सुधार के लिए नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। मगर यह देखने की बात होगी कि इसका उपयोग विकास और उत्थान में कितना होगा और कितना इसका इस्तेमाल राजनीतिक मुद्दे के तौर पर किया जाएगा। दरअसल, यह सवाल अक्सर उठाया जाता रहा है कि सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को लक्षित सरकारी नीतियों में जिन तबकों की हिस्सेदारी तय की जाती है, उनके बीच के कुछ समर्थ समूह उसका लाभ उठा लेते हैं और एक बड़ा हिस्सा वंचित रह जाता है। खासकर पिछड़े वर्गों को हिस्सेदारी के संदर्भ में यह दावा किया जाता रहा है कि अब इस तबके की आबादी काफी ज्यादा हो गई है और इसके मुकाबले इन्हें मिलने वाला आरक्षण काफी कम है। इसके अलावा, जाति और वर्ग के आधार पर बनाई गई मौजूदा योजनाओं और कार्यक्रमों में कुछ खास सामाजिक समुदायों को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी नहीं मिल पाती है, क्योंकि उनकी संख्या से संबंधित कोई अद्यतन पुख्ता आंकड़े नहीं हैं।सवाल है कि इस मसले पर अब तक चलने वाली जद्दोजहद का कारण क्या सिर्फ यही रहा है कि इसके जरिए सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में सभी तबकों को न्यायपूर्ण भागीदारी दिलाई जा सके! हो सकता है कि जाति और वर्ग के आधार पर बनने वाली नीतियों पर इसका असर दिखे। हालांकि यह बिहार सरकार की इच्छाशक्ति पर निर्भर होगा कि वह आबादी के अनुपात में सबकी भागीदारी और इसके साथ-साथ न्यायपूर्ण तरीके से बिना भेदभाव किए वंचित वर्गों के हित कैसे सुनिश्चित कर पाती है।

**अर्ज किया है..!**

*मुझ को थकने नहीं देता*
*ये ज़रूरत का पहाड़*
*मेरे बच्चे मुझे*
*बूढ़ा नहीं होने देते*

– मेराज फ़ैज़ाबादी

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*मुझे लगता है मनुष्य जाति को छोड़कर सृष्टि के सभी जीव, सभी विभाग बहुधा मौन हैं। आकाश मौन है, सरिता मौन है, समंदर मौन है, पृथ्वी मौन है, वायु मौन है।*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# एलियन की आवाज क्यों सुनना चाहते हैं वैज्ञानिक, अंतरिक्ष में माइक्रोफोन लगाने की है तैयारी



**वॉशिंगटन**। अमेरिकी अतंरिक्ष एजेंसी नासा अब स्पेस में माइक्रोफोन लगाने की तैयारी कर रही है। इसका मकसद अंतरिक्ष में पैदा होने वाली छोटी से छोटी आवाज को सुनना है। दरअसल, वैज्ञानिकों को लगता है कि अंतरिक्ष में पृथ्वी के अलावा भी कहीं पर जीवन हो सकता है। ऐसे में एक अंतरिक्ष में माइक्रोफोन से कुछ ऐसी आवाजों को सुना जा सकता है, जो शायद धरती तक न पहुंच पाए। नासा का मानना है कि उसके पर्सिवरेंस मार्स रोवर पर लगे छोटे माइक्रोफोन का उपयोग इंजीनियरों और वैज्ञानिकों दोनों के लिए अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद साबित हुआ है। सेंसर हवा के झोंकों की पहचान कर सकते हैं और यहां तक कि रोवर के उपकरणों से पैदा हुई लेजर पल्स से बनी स्टैकाटो पंपिंग ध्वनियों को भी सुन सकते हैं।

### ◆ इनजेनिटी मार्स हेलीकॉप्टर की आवाज की रिकॉर्ड

इसी तरह, इनजेनिटी मार्स हेलीकॉप्टर के घूमते ब्लेडों को इन माइक्रोफोनों ने रिकॉर्ड किया है। मार्स के जेजेरो क्रेटर के भीतर घूमते समय इन उपकरणों ने पर्सिवेरेंस पर जो मूल्यवान वैज्ञानिक योगदान दिया है, उसके आधार पर, अब ग्रहों की और ज्यादा खोजबीन के लिए माइक्रोफोन पर वॉल्यूम बढ़ाने का समय आ गया है। टिमोथी लीटन यूके के इंग्लैंड में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय में अल्ट्रासोनिक्स और अंडरवाटर ध्वनिकी के प्रोफेसर हैं। वह मंगल ग्रह और कई अन्य अंतरिक्ष स्थलों के लिए जाने वाली जांचों में ध्वनि को रिकॉर्ड करने वाले सेंसरों को शामिल करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करते हैं।

### ◆ आवाज से कई रहस्यों का खुलासा संभव

लीटन ने स्पेस डॉट कॉम को बताया कि माइक्रोफोन का काम सिर्फ आवाजें सुनने से परे है, क्योंकि शोधकर्ताओं को मंगल ग्रह पर हवा, तापमान, रसायन विज्ञान और अशांति के बारे में बताने के लिए उनका विश्लेषण किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आप ध्वनियों को सुनकर बड़ी मात्रा में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अपने इस उद्देश्य के लिए लीटन ने साइंस और इंजीनियरिंग के बच्चों को प्रेरित करने के लिए एक स्थानीय तारामंडल को लाइव शो के दौरान अंतरिक्ष की ध्वनि सुनाने के लिए एक सिमुलेशन डिवाइस गिफ्ट की। यह सॉफ्टवेयर पैकेज ऑडियो सिमुलेशन चलाता है जो प्राकृतिक घटनाओं से उत्पन्न ध्वनियों का अनुमान लगाता है।

### ◆ मार्स पर्सिवेरेंस रोवर में दो माइक्रोफोन

फरवरी 2021 में अपनी लैंडिंग के बाद, नासा का मार्स पर्सिवेरेंस रोवर लाल ग्रह पर पहला मिशन है जो सतह से रिकार्ड हुई आवाज को सुनने की सीमा में वापस लाने में सक्षम है। पहिये वाला रोबोट दो माइक्रोफोन से सुसज्जित हैः सुपरकैम माइक्रोफोन, घूमते रोवर के मस्तूल के ऊपर स्थित है और दूसरा प्रवेश, अवतरण और लैंडिंग माइक्रोफोन रोवर की बॉडी पर लगा हुआ है। सुपरकैम माइक्रोफ़ोन ने हवा और अशांति के शोर और विभिन्न उपकरणों के आवाज को रिकॉर्ड किया है। । इसने मंगल ग्रह के पतले, कार्बन डाइऑक्साइड-प्रभुत्व वाले वातावरण में ध्वनि तरंगें कैसे व्यवहार करती हैं, इसका ऑन-द-स्पॉट विश्लेषण करना भी संभव बना दिया है।

Sikkim

# ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से भीषण बाढ़, सिक्किम में सेना के 23 जवान लापता, सर्च ऑपरेशन शुरू

**गंगटोक, (एजेंसी) सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ ने भीषण तबाही मचा दी है. बताया जा रहा है कि उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के ऊपर अचानक बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई. इसके बाद एक बांध का पानी छोड़े जाने पर नदी का जलस्तर और बढ़ गया. इसके बाद कई इलाकों में पानी भर गया. कई पुल बह गए और सड़कें बह गईं. इसके चलते कई सैन्य प्रतिष्ठान भी चपेट में आ गए. सेना के 23 जवानों के भी लापता होने की खबर है. इन जवानों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है.**

बताया जा रहा है कि बाढ़ के बाद चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने की वजह से नीचे के इलाकों में भी 15-20 फीट की ऊंचाई तक जल स्तर अचानक बढ़ गया. इसके चलते सिंगतम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन डूब गए. इसके अलावा 23 सैन्य जवानों के भी लापता होने की खबर है. सिक्किम के कई इलाकों में ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया गया है. सिक्किम में तीस्ता नदी का जल स्तर बढ़ने के चलते हाई अलर्ट जारी किया गया है. तीस्ता नदी में आई बाढ़ के चलते सिक्किम में सिंगथम फुटब्रिज भी ढह गया. जलपाईगुड़ी प्रशासन ने तीस्ता नदी के निचले क्षेत्रों को खाली कराना शुरू कर दिया है. सभी को सतर्क रहने और नदी के किनारे यात्रा से बचने की सलाह दी गई है.



Himachal Pradesh

## सरकारी दफ्तर की दीवार पर लिखा खालिस्तान जिंदाबाद, वीडियो सामने आने के बाद ऐक्शन में पुलिस

**कांगड़ा, (एजेंसी)** देश की सुरक्षा एजेंसियां पिछले कुछ दिनों से खालिस्तान और गैंगस्टरों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जुटी हैं। इस बीच हिमाचल प्रदेश में खालिस्तानी समर्थकों ने बड़ी दुस्साहस को अंजाम दिया है। कांगड़ा जिले के धर्मशाला में सरकारी कार्यालय की दीवार पर खालिस्तानियों के समर्थन में बातें लिखी गई थीं। सरकारी कार्यालय की दीवार पर खालिस्तानी भित्ति चित्र देखे जाने के बाद यहां हड़कंप मच गया है। धर्मशाला पुलिस ने इस बात की पुष्टि भी कर दी है। पुलिस ने इस मामले में तुरंत ऐक्शन लिया है। पुलिस ने दीवारों को पेंट करा कर स्लोगन मिटा दिये हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

दीवार पर खालिस्तानी जिंदाबाद और खालिस्तान के समर्थन में कई अन्य बातें लिखी गई थीं। जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि प्रशासन ने इस दीवार को पेंट कराया है और इसे मिटाया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, धर्मशाला जल शक्ति विभाग के कार्यालय की दीवारों पर खालिस्तान के समर्थन में यह नारे स्प्रे पेंट से लिखे गए थे।

Uttarpradesh

## पलक झपकते ही हादसा, काशी विश्वनाथ के दर्शन कर लौट रहे एक ही परिवार के 8 की मौत

**वाराणसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आज बुधवार सुबह करीब 7 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया. इसमें एक ही परिवार के 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन साल का एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया है. अस्पताल में बच्चे का इलाज जारी है. यह सड़क हादसा फूलपुर थाना के करखियाव में उस वक्त हुआ, जब तेज रफ्तार एर्टिगा कार की टक्कर ट्रक से हो गई. हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया, साथ ही उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है. जानकारी के मुताबिक, कार में सिर्फ तीन साल के मासूम को छोड़ सभी आठ लोगों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सभी पीड़ित पीलीभीत के निवासी थे. बुधवार सुबह काशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद सभी बनारस से जौनपुर जा रहे थे, तभी फूलपुर थाना के करखियाव के पास यह हादसा हुआ.

New Delhi

## सुबह-सुबह आप सांसद संजय सिंह के सरकारी आवास पर ईडी की छापेमारी, शराब घोटाले मामले में ली जा रही तलाशी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर बुधवार की सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ED) की छापेमारी चल रही है। ईडी की टीम घर की तलाशी ले रही है। काफी देर से ईडी की टीम घर के अंदर मौजूद है।

सूत्रों के मुताबिक, शराब घोटाले के मामले में सांसद संजय सिंह के आवास पर यह छापेमारी जारी है। आपको बता दें कि आप सांसद संजय सिंह का शराब घोटाले में दाखिल चार्जशीट में नाम शामिल था। संजय सिंह के करीबियों से भी पूछताछ की जा चुकी है।

इससे पहले भी आम आदमी पार्टी के कई नेता जांच एजेंसियों के रडार पर आए हैं। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल मई में आप सरकार में मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को अरेस्ट किया था। हालांकि अब कोर्ट से उन्हें बीमारी के चलते अंतरिम जमानत मिल गई।

इसी साल फरवरी में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। शराब घोटाले में ही बाद में उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने अरेस्ट किया था।

खेल

## आज भारत को चौथा पदक मिला; मुक्केबाजी में प्रवीण को कांस्य, पदकों की कुल संख्या 73 पहुंची

# ज्योति और ओजस ने स्वर्ण जीता

**हांगझोऊ, (एजेंसी)** एशियाई खेलों का आज 11वां दिन है। इस प्रतियोगिता में भारत को पहले दिन पांच, दूसरे दिन छह, तीसरे दिन तीन, चौथे दिन आठ, पांचवें दिन तीन, छठे दिन आठ, सातवें दिन पांच, आठवें दिन 15, नौवें दिन सात और दसवें दिन नौ पदक मिले थे। आज भी भारत को 10 के करीब पदक मिल सकते हैं और पदक तालिका में भारत के कुल पदकों की संख्या 80 तक पहुंच सकती है।

तीरंदाजी में ओजस देवताले और ज्योति वेन्नम ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की टीम को मात दी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने दक्षिण कोरिया को 159-158 से हराया।

मुक्केबाजी में प्रवीण हुड्डा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा है। महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग में उन्हें चीनी ताइपे की लिन के खिलाफ हार झेलनी पड़ी और उनका सफर यहीं खत्म हो गया।



स्क्वैश में भारत की अनहत-अभय की जोड़ी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में मलयेशिया की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 11-8, 2-11, 9-11 से हराया।

स्क्वैश में भारत की दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह ने मिश्रित युगल के फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है। हांगकांग के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भारतीय जोड़ी ने पहला सेट हारने के बाद जबरदस्त वापसी की और मैच 7-11, 11-7, 11-9 से अपने नाम किया।

कुसुमा वरदानी के खिलाफ पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 21-16, 21-16 के अंतर से मैच अपने नाम किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, पदक जीतने के लिए उन्हें अपनी पुरानी लय हासिल करनी होगी।

भारत को आज का पहला पदक एथलेटिक्स में मिला है। मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने मिश्रित 35 किलोमीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है। चीन को स्वर्ण और जापान को रजत पदक मिला है। इस पदक के साथ भारत के कुल पदकों की संख्या 70 हो गई है और भारत ने एशियाई खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली है। 2018 में भारत ने 16 स्वर्ण सहित 70 पदक जीते थे। इस बार भी भारत की झोली में 15 स्वर्ण सहित 70 पदक आ चुके हैं। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इस बार भारत को 100 पदक मिल सकते हैं।

सिनेमा

## शाहरुख खान की 'स्वदेश' एक्ट्रेस गायत्री जोशी का कार एक्सीडेंट, हादसे में स्विस कपल की मौत, लाइव वीडियो वायरल



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ फिल्म स्वदेश से बॉलीवुड डेब्यू करने वालीं एक्ट्रेस गायत्री जोशी का कार एक्सीडेंट हो गया है। गायत्री के साथ पति विकास ओबेरॉय भी कार में मौजूद थे, जब ये हादसा हुआ। इटली में हुए इस एक्सीडेंट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस रोड एक्सीडेंट में गायत्री और विकास तो ठीक हैं, लेकिन दूसरी कार में मौजूद एक स्विस कपल की मौत हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, फरारी कार में आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप अंदर बैठे दंपती की जान चली गई, जिनकी पहचान स्विट्जरलैंड की 63 वर्षीय मेलिसा क्रौटली और 67 वर्षीय मार्कस क्रौटली के रूप में हुई। वहीं, इस कार दुर्घटना के बारे में खुद गायत्री ने द फ्री प्रेस जर्नल को बताया, 'विकास और मैं इटली में हैं। हम यहां कई कारों की एक टक्कर की दुर्घटना के शिकार हो गए। भगवान की कृपा से, हम दोनों बिल्कुल ठीक हैं।'

## Highlights

1. Want private talks with India to resolve diplomatic dispute: Canada
2. NewsClick Founder Prabir Purkayastha sent to 7-day police remand
3. LAHDC poll in Ladakh today, Ist poll since Article 370 abrogation
4. Govt releases guidelines to prevent students' suicides, says 'lock empty classrooms'
5. Death toll in Maharashtra's Nanded hospital increases to 35
6. Govt shares pics of Vande Bharat train's sleeper version concept

# Elon Musk waited 'too long' to disclose Twitter investments, likely to face fraud charges

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk was ordered by a U.S. judge to face most of a lawsuit claiming he defrauded former Twitter shareholders last year by waiting too long to disclose that he had invested in the social media company, which he later bought and renamed X.

In a decision made public on Monday, U.S. District Judge Andrew Carter said shareholders in the proposed class action could try to prove that Musk intended to defraud them by waiting 11 days past a U.S. Securities and Exchange Commission deadline to reveal he had bought 5% of Twitter's shares.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The judge in Manhattan also dismissed an insider trading claim against Musk, the world's richest person.

Lawyers for Musk did not immediately respond on Tuesday to requests for comment.



Shareholders led by an Oklahoma firefighters pension fund said Musk saved more than $200 million by adding to his Twitter stake, and quietly talking with its executives about his plans, before finally disclosing a 9.2% stake in April 2022.

The shareholders also said they sold Twitter shares at artificially low prices because Musk hid what he was doing.

Musk's lawyers argued that their client was "one of the busiest people on the planet," and that any disclosure failure was "inadvertent."

Carter said he could not infer that Musk was "too busy" to comply with SEC rules if he could find time to buy Twitter shares, meet with company executives, and post online about Twitter.

He also found evidence that Musk understood the 5% disclosure rule, including that he had testified about it under oath, and had properly disclosed stakes in his electric car maker Tesla and the former SolarCity at least 20 times.

# Dunzo again defers pending salaries of former employees: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Delivery startup Dunzo has, according to a report, again delayed pending salaries of former employees, and informed the ex-staffers that these will now be credited only by January or February next year.

"We are working towards ensuring all pending salaries are paid at the earliest. However, we regret to inform you that given the present business situation, the revised timelines by which we will clear pending dues, including salaries for June and July, if any, in January-February 2024," the Bengaluru-based company told its former workers in an email, according to Moneycontrol.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The email added that other remaining payments, including the August/September pay for days served, will also be made by the said timeline, as part of their F&F (full and final).

Additionally, the delivery firm, which is backed by Reliance Retail and Google, among others, is still promising a 12% interest on the service period, the report said.

Multiple deadlines missed

Dunzo first held back a portion of June-July salaries of its ex-employees and assured them that on July 20, all their dues will be cleared. After missing this deadline, it gave September 4 as the revised deadline, which, again, it failed to meet.



# नशे की पूर्ति करने के लिए करते थे चोरी

## ◆ दो शातिर वाहन चोर पकड़ाए, वारदातें कबूली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** **शहर में चोरी, नकबजनी, लूट आदि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस थाना खजराना द्वारा कार्यवाही करते हुए दोपहिया वाहन एवं साइकिल चुराने वाली गैंग को पकडऩे में सफलता प्राप्त की है।**



टीम कार्यवाही के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की रोबोट चौराहा के पास मजदूर टीन शेड में दो लडक़े एक पल्सर गाड़ी काले रंग की को सस्ते दामों पर बेचने के लिए आने वाले हैं वह गाड़ी चोरी की है। पुलिस टीम द्वारा मजदूर टीन शेड रोबोट चौराहे के आसपास अपनी उपस्थिति को छुपाते हुए घेराबंदी कर दो लडक़ों को एक पल्सर गाड़ी सहित पकड़ा। जिन्होंने पूछताछ पर अपना नाम देवेंद्र एवं दिनेश चंदेल बताया । जिनसे उक्त गाड़ी के संबंध में पूछताछ करते, आरोपियों द्वारा उक्त गाड़ी को दो दिन पूर्व मयूर अस्पताल के पास से रात्रि में चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों से पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपियों से चोरी की अन्य दो मोटरसाइकिल एवं 15 आधुनिक सालकिले कीमती करीबन 4,15,000 रुपए की बरामद की गई। आरोपियों से अन्य वारदात के बारे में भी पूछताछ की जा रही है जिनसे अन्य घटनाएं भी खुलासा होने की संभावना है। आरोपी नशा करने के आदी है जो कि नशे की पूर्ति को पुरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# कार में पिस्टल लेकर घूम रहे आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** पुलिस थाना राजेंद्र नगर द्वारा चेकिंग के दौरान कर में पिस्टल लेकर घूमने वाले चार आरोपियों को पकड़ा गया है। क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में संदिग्धों की सख्त चेकिंग व सघन पेट्रोलिंग के निर्देश अति. पुलिस उपायुक्त जोन-1 आलोक शर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त गांधीनगर रुबीना मिजवानी द्वारा दिए गए, जिस पर थाना प्रभारी थाना राजेन्द्र नगर द्वारा प्रभावी चेकिंग हेतु थाना राजेन्द्रनगर की टीमों को लगाया गया एव थाना क्षेत्र में रेन्डम चेकिंग हेतु टीम को निर्देश दिये गये। इसी तारतम्य में थाना क्षेत्र में अलग-2 स्थानों पर पुलिस द्वारा टीम बनाकर चेकिंग की गई तथा सिलिकान सिटी के सामने चैकिंग के दौरान एक होण्डा सिटी कार मेन रोड से सिलीकान गेट तरफ आती दिखी जिसे चेकिंग के दौरान रोका गया उक्त कार में चार व्यक्ति बैठे हुए थे जो सदिग्ध प्रतीत हुए ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पूछा अर्पीत जैन निवासी न्याय नगर सुखलिया इन्दौर व ड्रायवर के बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भरत कोठारी निवासी मुलचन्द मार्ग थाना केंट जिला निमच तथा पीछे कि सीट पर बैठे दोनो व्यक्तियों ने अपने नाम साहनिध्य श्रीवास्तव निवासी रेल्वे स्टेशन के पीछे राऊ इन्दौर व विक्रांत डुडवे निवासी राजेन्द्र कालोनी कुक्षी जिला धार बताया। चारों संदिग्ध की जामा तलाशी ली तलाशी ली गई एंव होण्डा कार को चेक करने पर कार की डिग्गी में से एक देशी पिस्टल व चेम्बर में चालू हालत में दो जिन्दा कारतुस मिले, जिसका संदिग्धों के पास कोई वैध लाईसेंस नहीं पाया गया । जो उक्त आरोपियों से पिस्टल व जिंदा कारतूस जप्त किये गये एंव चारों के विरुद्ध थाना राजेंद्रनगर पर अपराध धारा 25,27 आम्र्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया एंव आरोपियों से पिस्टल व जिंदा कारतूस मय कार के जप्त किया गया।

## अवैध शराब जब्त

**इंदौर।** ड्राई डे पर कनाडिया इलाके में पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक बदमाश को पकड़ा है। वह चाय की दुकान में शराब बेच रहा था। कनाडिया थाना पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम दिनेश सोनगरा पिता जगदीश निवासी ग्राम बिचौली हप्सी है। वह गांव के बीच में ही एक सरकारी स्कूल के पास चाय की दुकान की आड़ में अवैध शराब बेच रहा था। पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर दबिश दी थी। उससे 150 क्वार्टर देसी शराब के मिली हैं जिनकी कीमत 10500 है। बताया जा रहा है मामले की जानकारी आबकारी अफसर नितिन आशापुरे को भी मिली थी, इसी बीच कनाडिया पुलिस ने दबिश दे दी।

## छात्रा से टीचर ने की छेड़छाड़

**इंदौर।** राऊ में एक छात्रा के साथ स्कूल में ही छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने टीचर को पकड़ा उसका कबूलनामा करवाया। इसके बाद उसे थाने ले गए। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। कोर्ट में छात्रा के बयान के साथ मेडिकल कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यदि कुछ और अपराध मिला तो आरोपी टीचर पर धाराएं बढ़ सकती हैं। राऊ पुलिस के मुताबिक घटना निजी स्कूल की है। यहां 9 वीं कक्षा में पढ़ाई करने वाली छात्रा की शिकायत पर स्कूल में ही रवि कावलिया निवासी राजलक्ष्मी कॉलोनी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के मामले में केस दर्ज किया है। पीडित़ा ने बताया कि सर आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ और गंदी हरकत करते हैं। उसने डर के कारण किसी को यह बात नहीं बताई। इसी डर के कारण छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया। मां ने पूछताछ की तो उसने स्कूल टीचर रवि कावलिया की हरकतों के बारे में बताया। जब बजरंग दल कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी लगी तो वे स्कूल पहुंचे और वहां से टीचर को लेकर थाने गए। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# जनसुनवाई में महिला ने की शिकायत पुलिस नहीं कर रही सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** जनसुनवाई में विजय नगर पुलिस की शिकायत पहुंची है। यहां एक महिला ने बताया कि बिल्डर ने उसके साथ उसकी बच्ची का भी शोषण किया। मामले में अफसरों ने कार्रवाई की बात कर महिला को एमआईजी थाने की महिला अफसर के पास भेजा है। जिसमें केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। विजय नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक पीड़िता ने मंगलवार को ही जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर को शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि नवल किशोर गर्ग नमक बिल्डर द्वारा उसका शारीरिक शोषण किया गया। कुछ दिनों बाद उसकी नजर उसकी बेटी पर पड़ गई और फिर अन्य जिले से एक तांत्रिक बाबा को बुलाकर उसकी बेटी के साथ तांत्रिक क्रिया करने और उसके शारीरिक शोषण का प्रयास करने लगा। लेकिन जब पीड़िता ने अपनी ही बेटी के साथ इस तरह की हरकत होते देखी तो पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर दी। पीड़िता का कहना है कि पिछले 4 वर्षों से वह बिल्डर की प्रताडऩा झेल रही है यहां तक की उसकी संपत्ति और आर्थिक रूप से भी उसे नुकसान पहुंचाया गया है और जब उसने विजय नगर थाने पर शिकायती आवेदन दिया तो वहां पर किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई और फिर जाकर पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने पहुंची है। इसके बाद पीड़िता को थाने भेजकर कार्रवाई की गई।

# चोरी की बाइक से करते थे चोरी की वारदातें

## ◆ आरोपियों से बाइक 14 मोबाइल फोन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस द्वारा दो शातिर मोबाइल चोरों को, चोरी की मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया है। थाना प्रभारी थाना राजेन्द्रनगर के निर्देशन में डी मार्ट सुपर बाजार के पास से काली उर्फ सचिन उर्फ पवन यादव निवासी समाजवाद नगर इन्दौर एवं आरोपी के अन्य साथी पवन सोलंकी निवासी नाथ मोहल्ला हवा वंगला इंदौर को पकड़ा। जिनके पास से एक चोरी की मोटरसाईकिल तथा इनके द्वारा अन्नापूर्णा राजेन्द्रनगर चौईथराम मंडी क्षेत्र से चोरी किये गये 14 मोबाइल अलग-अलग कंपनियों के जप्त किये गये है। आरोपियों से पूछताछ में बताया है कि आरोपियों ने मोटरसाईकिल थाना अन्नापूर्णा क्षेत्र से चोरी की है जिसकी जानकारी ली गई जो थाना अन्नापूर्णा के अपराध क्रमांक 490/2023 धारा 379 भादवि के अपराध में चोरी हुई है । आरोपियों से मोबाईल चोरी के संबंध में पूछताछ करते बताया है कि अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिये आरोपी चोरी की बारदातो को अंजाम देते है जो ज्यादातर अन्नापूर्णा राजेन्द्रनगर व चौइथराम मंडी क्षेत्र को आरोपी टारगेट करते है। आरोपी से पूछताछ के दौरान 14 एंड्रॉइड मोबाइल चोरी किये हुए जप्त किये गये है।

## पब में फायनेंस कंपनी के मैनेजर की पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के पब में अफसरों की समझाइश के बाद भी विवाद नहीं थम रहे। मंगलवार रात फायनेंस कंपनी के एक एरिया मैनेजर और उसके साथियों को पब के स्टाफ ने बुरी तरह पीट दिया। मौके पर विजय नगर पुलिस पहुंची। आरोप है कि इसके बाद भी पब कर्मचारी उन्हें पीटते रहे। पुलिस ने देर रात हंगामा होने पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। विजय नगर पुलिस के मुताबिक घटना हैश टैग पब 54 की है। यहां बजाज कंपनी में एरिया मैनेजर शिवम कोली और उसके साथियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिवम कोली ने बताया कि वह अपने एक अन्य मैनेजर साथी और कर्मचारी के साथ यहां पहुंचे। रात में बिल देने के बाद पांच मिनट का समय मांगा। इस बात पर स्टाफ से कहासुनी हो गई। बाद में स्टाफ के लोग और बांउसरों ने शिवम और उनके साथ मारपीट कर दी। सूचना के दौरान यहां पुलिस भी पहुंची। लेकिन पब के कर्मचारी फिर भी शिवम और उसके साथियों के साथ मारपीट करते रहे। काफी देर बाद शिवम को विजय नगर थाने ले जाया गया। यहां समझौते को लेकर दबाव बनाया गया। पुलिस ने मारपीट की सामान्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## एडमिशन के नाम पर छात्रों से धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दो दर्जन से अधिक छात्रों के साथ कालेज में एडमिशन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी ने छात्रों से हजारों रूपए ले लिए और अब धमका रहा है। भंवरकुंआ पुलिस ने बताया कि ठगाए छात्रों के नाम मंजु चौहान,सनबाई पिता सरदार,शारदा चौहान,रीता पिता भूरसिंह, मंजु मंडलोई, जितेंद्र सिंह चौहान,रानू मुजाल्दे, कांता कन्नौज, जगदीश मुजाल्दे,सीमा मंडलोई,शर्मिला बघेल,यामिनी चौगड़,मुकेश मौर्य, रीनू गेहलोद,पूरा पिता मणिराम, अर्जुन पिता मंगलसिंह भिडे,राजू डाबर,वीरेंद्र डोडवे और गुरूलाल देवरे हैं। ये सभी कुक्षी और आसपास के इलाकों के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अंतिम वघेल निवासी ग्राम मगरादेह (देवास) ने सभी छात्रों से संपर्क कर उन्हें झांसे में लिया और भरोसा दिया था कि वह सभी का एडमिशन अरिहंत कालेज में बीएड के कोर्स के लिए करा देगा। रूपए लेने के बाद अंतिम छात्रों का एडमिशन नहीं करा पाया तो छात्रों ने उससे रूपए वापस मांगे। इस पर वह धमकाने लगा पुलिस ने फिलहाल अंतिम के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## ब्राउन शुगर के लिए दो महिलाओं को लूटा

### दो बदमाशों सहित सोना खरीदने वाले चार गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर ।** क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ब्राउन शुगर का नशा करते हैं। आरोपितों ने एरोड्रम थाना क्षेत्र में दो महिलाओं को लूटा था। दोनों वारदात 20 मिनट के भीतर की और फरार हो गए। पुलिस ने लूट और चोरी का सोना खरीदने वाली महिला व सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी (अपराध) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, 28 सितंबर को बांगड़दा रोड़ (शुक्ला पेट्रोल पंप के पास) और 60 फीट रोड़ पर अनिता अग्रवाल एवं उषा जैन के साथ लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित सागर पुत्र सुरेश बौरासी निवासी गोमा की फैल और गौरव पुत्र राजेश सेन निवासी गांधीनगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ब्राउन शुगर का नशा करते हैं। नशे के लिए ही लूट करना स्वीकारा है। आरोपितों ने लूटा गया सोना अजय सोनी और सुलोचना सोनी को बेचा था। पुलिस ने दोनों को मुलजिम बनाकर एरोड्रम थाने के सुपुर्द किया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।